भारत सरकार

भारी उद्योग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1177

30 जुलाई, 2024 को उत्तर के लिए नियत

**फेम इंडिया योजना के अंतर्गत निधियों का आवंटन**

**1177. श्री बी. के. पार्थसारथी:**

**श्री पुट्टा महेश कुमार:**

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान देश में हाइब्रिड एवं इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाने एवं विनिर्माण करने (फेम इंडिया) के अंतर्गत राज्य-वार विशेषकर आंध्र प्रदेश में आवंटित एवं उपयोग की गई निधियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान देश में, फेम-2 योजना के अंतर्गत राज्य-वार विशेषकर आंध्र प्रदेश में निर्मित कुल इलेक्ट्रिक यात्री कारों का ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त अवधि के दौरान ''फेम-2'' के अंतर्गत राज्य-वार विशेषकर आंध्र प्रदेश में निर्मित इलेक्ट्रॉनिक रूप से संचालित बसों को ब्यौरा क्या है; और

(घ) उक्त अवधि के दौरान ''फेम-2'' के अंतर्गत राज्य-वार विशेषकर आंध्र प्रदेश में बेची गई ई-बसों, इलेक्ट्रिक यात्री कारों, ई-2 पहिया वाहनों एवं ई-3 पहिया वाहनों की कुल संख्या का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**भारी उद्योग राज्य मंत्री**

**(श्री भूपतिराजु श्रीनिवास वर्मा)**

(क) **:** फ़ेम-इंडिया स्कीम, चरण-**II** को **1** अप्रैल**, 2019** से पांच वर्ष की अवधि के लिए अखिल भारतीय स्तर पर **10,000** करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ लागू किया गया था जिसे बढ़ाकर **11,500** करोड़ रुपये कर दिया गया। इस स्कीम के तहत कोई राज्यवार आवंटन/प्रावधान नही है। इसके अलावा**,** फेम-इंडिया स्कीम के चरण-।। को लागू करने के लिए पिछले पांच वर्षों के दौरान बजटीय आवंटन और उपयोग का विवरण इस प्रकार है:

| क्र.सं. | वित्त वर्ष | बजट आवंटन | 31.03.2024 तक निधि का उपयोग |
|---|---|---|---|
| 1 | 2019-2020 | 500.00 करोड़ रुपये | 500.00 करोड़ रुपये |
| 2 | 2020-2021 | 318.36 करोड़ रुपये | 318.36 करोड़ रुपये |
| 3 | 2021-2022 | 800.00 करोड़ रुपये | 800.00 करोड़ रुपये |
| 4 | 2022-2023 | 2897.84 करोड़ रुपये | 2402.51 करोड़ रुपये |
| 5 | 2023-2024 | 4807.40 करोड़ रुपये | 3921.10 करोड़ रुपये |

(**ख) और (घ) :** फ़ेम-II स्कीम के अंतर्गत इलेक्ट्रिक वाहनों के विनिर्माण के लिए नहीं, बल्कि इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री मात्र के लिए आर्थिक प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है। पिछले पांच वर्षों (वित्त वर्ष 2019-20 से वित्त वर्ष 2023-24) के दौरान "फ़ेम-II" के तहत सहायता-प्राप्त ई-दुपहिया, ई-तिपहिया और ई-चौपहिया की कुल संख्या के बारे में आंध्रप्रदेश राज्य सहित राज्य-वार विवरण **अनुलग्नक-I** पर है।

(**ग) :** फ़ेम-II स्कीम के अंतर्गत इलेक्ट्रिक बसों के विनिर्माण के लिए आर्थिक प्रोत्साहन नहीं दिया जाता। इस स्कीम के तहत अंतर-शहरी प्रचालन के प्रयोजन से इलेक्ट्रिक बसों की तैनाती के लिए विभिन्न नगरों/राज्य परिवहन इकाइयों/राज्य सरकार की संस्थाओं को सब्सिडी प्रदान किया जाता है। फ़ेम-II के तहत राज्य-वार संस्वीकृत ई-बसों की संख्या **अनुलग्नक-II** पर है।

*****

**अनुलग्नक-I**

## "फेम-II" के तहत समर्थित राज्यवार ई-दुपहिया, ई-तिपहिया और ई-चौपहिया का विवरण

| **राज्य** | **समर्थित ई-दुपहिया की संख्या** | **समर्थित ई-तिपहिया की संख्या** | **समर्थित ई-चौपहिया की संख्या** |
|---|---|---|---|
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 12 | 0 | 5 |
| **आंध्र प्रदेश** | **43554** | **2774** | **28** |
| अरुणाचल प्रदेश | 4 | 5 | 0 |
| असम | 2346 | 5601 | 53 |
| बिहार | 9944 | 11644 | 13 |
| चंडीगढ़ | 1787 | 306 | 11 |
| छतीसगढ़ | 22019 | 4517 | 50 |
| दिल्ली | 56856 | 15365 | 5920 |
| गोवा | 10870 | 52 | 3 |
| गुजरात | 109519 | 2115 | 161 |
| हरियाणा | 10050 | 2564 | 892 |
| हिमाचल प्रदेश | 726 | 194 | 2 |
| जम्मू और कश्मीर | 2400 | 3250 | 0 |
| झारखंड | 7158 | 2620 | 182 |
| कर्नाटक | 189647 | 7948 | 3819 |
| केरल | 78370 | 6278 | 123 |
| लक्षद्वीप | 3 | 0 | 0 |
| मध्य प्रदेश | 35312 | 5402 | 87 |
| महाराष्ट्र | 251772 | 7343 | 2627 |
| मणिपुर | 50 | 411 | 1 |
| मेघालय | 112 | 19 | 0 |
| मिजोरम | 232 | 2 | 0 |
| नगालैंड | 7 | 1 | 0 |
| ओडिशा | 40740 | 2519 | 145 |
| पुडुचेरी | 3046 | 85 | 9 |
| पंजाब | 7939 | 728 | 19 |
| राजस्थान | 74915 | 3763 | 130 |
| सिक्किम | 9 | 1 | 0 |
| तमिलनाडु | 105043 | 3095 | 332 |
| तेलंगाना | 55426 | 2789 | 907 |
| दादरा और नगर हवेली तथा दमण और दीव | 142 | 48 | 0 |
| त्रिपुरा | 174 | 5758 | 5 |
| उत्तर प्रदेश | 31121 | 25724 | 140 |
| उत्तराखंड | 6190 | 3983 | 38 |
| पश्चिम बंगाल | 12744 | 3378 | 929 |
| **उपर्युक्त कुल** | **1170239** | **130282** | **16631** |

**अनुलग्नक-II**

**फेम इंडिया स्कीम चरण-II के तहत स्वीकृत इलेक्ट्रिक बसों का विवरण; राज्यवार; विभिन्न शहरों/राज्य परिवहन इकाइयों/राज्य सरकार की संस्थाएं**

| **राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र** | **आवंटित ई-बसें** |
|---|---|
| **आंध्र प्रदेश** | **100** |
| बिहार | 25 |
| दादरा और नगर हवेली | 25 |
| दिल्ली | 1321 |
| गोवा | 150 |
| गुजरात | 800 |
| जम्मू और कश्मीर | 200 |
| कर्नाटक | 1121 |
| महाराष्ट्र | 830 |
| ओडिशा | 50 |
| पंजाब | 80 |
| राजस्थान | 0 |
| तेलंगाना | 300 |
| उत्तर प्रदेश | 600 |
| उत्तराखंड | 30 |
| पश्चिम बंगाल | 1230 |
| **सकल योग** | **6862** |

******